रजिस्टर्ड नं० पी०/एस०एम० 14.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्यशासन द्वारा प्रकाशित

शिमला मंगलवार, 10 अगस्त, 1982/19 श्रावण, 1904

हिमाचल प्रदेश सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

अधिसूचना

शिमला-2, 2 फरवरी, 1982

संख्या 11-2/73-एच.एफ.डब्ल्यू-II.—निम्नलिखित प्रारूपित नियमों को जिन्हें हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 (1980 का अधिनियम संख्या 3) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का विचार रखते हैं इन्हें सम्भाव्य प्रभावित व्यक्तियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है तथा एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि प्रारूपित नियमों पर इस अधिसूचना के राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तिथि से तीस दिनों की अवधि के समापन के उपरान्त विचार किया जाएगा।

कोई व्यक्ति जिसे इन नियमों पर कोई आपत्ति करनी हो अथवा सुझाव देना हो वह उक्त दी गई अवधि के भीतर उन्हें सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2 को भेजें और इस प्रकार प्राप्त आपत्तियों/सुझाव पर सक्षम अधिकारी द्वारा नियमों को अन्ततः अपनाने से पूर्व सम्यक रूप से विचार किया जाएगा।

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) ये नियम हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 कहे जा सकते हैं।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**—(1) इन नियमों में जब तक सन्दर्भ में कोई विरुद्ध बात न हो :—

(क) "अधिनियम" से हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, अभिप्रेत है ;

(ख) "परिशिष्ट" से इन नियमों के परिशिष्ट, अभिप्रेत है ;

(ग) "अध्यक्ष" से परिषद् का अध्यक्ष, अभिप्रेत है ;
(घ) "समिति" से परिषद् द्वारा नियुक्त समिति, अभिप्रेत है ;
(ङ) "प्रपत्र" से परिषद् द्वारा नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र, अभिप्रेत है ;
(च) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ; और
(छ) "विश्वविद्यालय" से संसद या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा निर्मित विश्वविद्यालय अभिप्रेत है, शब्दों और पदों के जो इन में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं हैं वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में क्रमशः उनके हैं ।

3. **व्यवसायिकों का पंजीकरण.**—(1) प्रत्येक व्यक्ति जो धारा 16 के अधीन रजिस्टर मे अपना नाम दर्ज कराने का अधिकारी है वह यदि अपना नाम दर्ज कराना चाहें तो वह प्रपत्र "क" में पंजीकार को आवेदन देगा । प्रत्येक ऐसे आवेदन-पत्र के साथ नियम 32 में विहित शुल्क दिया जाएगा । उसे अपने आवेदन-पत्र के साथ वे दस्तावेज भी भेजने होंगे जो रजिस्ट्रार के भाग "क" या "ख" जैसी भी स्थिति हो में उसका नाम दर्ज करने के लिए उसके दावे को प्रमाणित करने हेतु आवश्यक हो ।

(2) पंजीकार आवेदन-पत्र की जांच के पश्चात् आवेदक से उतनी अवधि के अन्दर जितनी वह विनिर्दिष्ट करे कोई अन्य सूचना या दस्तावेज जिसे वह आवश्यक समझे भी मांग सकता है ।

(3) यदि पंजीकार उप-नियम (1) के अधीन आवेदन-पत्र की प्राप्ति या उप-नियम (2) के अधीन आवेदक के अपेक्षित अन्य सूचना या दस्तावेजों की प्राप्ति पर और आगे ऐसी जांच पड़ताल के पश्चात, जिसे उचित समझे इस बात से सन्तुष्ट है कि आवेदन रजिस्टर के भाग "क" या "ख" जैसी भी स्थिति हो में अपना नाम दर्ज कराने का अधिकारी है तो वह उसका नाम दर्ज कर देगा । यदि वह सन्तुष्ट नहीं है तो वह आवेदन-पत्र को अस्वीकार कर देगा । परन्तु आवेदक को सुनवाई का अवसर प्रदान किए बिना किसी भी आवेदन-पत्र को अस्वीकार करने का आदेश पारित नहीं किया जायेगा ।

(4) धारा 16 की उप-धारा (1) या उप-धारा (2) के अधीन जिस व्यवसायी का नाम रजिस्टर में दर्ज कर लिया जाता है उसे प्रपत्र "ख" में 5 रुपये शुल्क देने पर, एक प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जायेगा और जिसे आवेदक का आवेदन-पत्र अस्वीकार कर दिया गया हो उसे रजिस्टर्ड डाक द्वारा अस्वीकार करने की सूचना दे दी जायेगी ।

3. **पंजीकरण का नवीनीकरण.**—(क) प्रत्येक पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी जो कि धारा 16 के अधीन पंजीकृत है उन्हें प्रत्येक वर्ष के उपरान्त पंजीकरण का नवीनीकरण करवाना अनिवार्य है ।

4. **पंजीकरण की विधि मान्यता.**—अधिनियम के अधीन पंजीकृत प्रत्येक व्यक्ति का नाम अधिनियम में रजिस्टर से नाम हटाये जाने सम्बन्धी अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अध्याधीन रहते हुए उस म दर्ज रहेगा ।

5. **पते में परिवर्तन.**—(1) प्रत्येक पंजीकृत व्यवसायी के लिए यह आवश्यक है कि यदि उस पते में कोई परिवर्तन हुआ हो तो ऐसे परिवर्तन के एक मास के अन्दर-अन्दर अपने पते की पंजीकार को सूचना भेजें और इस सम्बन्ध में पंजीकार द्वारा उससे जो भी पूछताछ की जाए उसका तुरन्त उत्तर दें ताकि रजिस्टर में उसका सही पता दर्ज हो जाए ।

(2) जिस पंजीकृत व्यवसायी ने अपना नाम तबदील कर दिया हो वह पंजीकार को अपने बदले हुए नाम के बारे में तुरन्त सूचना भेजे और पंजीकार का इस बारे में तसल्ली कराएगा कि उसने अपने बदले हुए नाम का पहले ही किसी ऐसे समाचार-पत्र में अधिसूचित कर दिया है जो उस क्षेत्र में काफी बिकता है जहां पर वह अपना व्यवसाय चला रहा हो और जो उस क्षेत्र की क्षेत्रीय भाषा में प्रकाशित होता है । पंजीकार इस प्रकार से सन्तुष्ट होने पर और नियम 32 में निर्धारित फीस की प्राप्ति पर रजिस्टर को तदनुसार ठीक कर लेगा वह पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी के अनुरोध पर पंजीकरण प्रमाण-पत्र में भी आवश्यक संशोधन कर देगा ।

6. **अतिरिक्त अर्हताओं की रजिस्टर में प्रविष्टि.**—(1) कोई भी पंजीकृत व्यवसायी, जिसने होम्योपैथिक में कोई अतिरिक्त डिग्री डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र या अन्य योग्यता या अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा डिग्री, डिप्लोमा प्रमाण-पत्र प्राप्त किए हों और वह उसे रजिस्टर में दर्ज कराना चाहे तो नियम 32 में विहित फीस सहित

प्रपत्र "ग" में एक प्रार्थना-पत्र देगा । वह अपने आवेदन-पत्र के साथ मूल रूप में प्राप्त डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र, जसी भी स्थिति हो, को भेजेगा जिस के आधार पर वह रजिस्टर में प्रविष्टि कराना चाहता है ।

(2) उप-नियम (1) के अधीन प्रार्थना-पत्र की प्राप्ति पर या पूछताछ के बाद यदि पंजीकार को यह तसल्ली हो गयी है कि आवेदक अपनी डिग्री, डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र जैसी भी स्थिति हो रजिस्टर में दर्ज कराने का अधिकारी है तो वह उनकी प्रविष्टि कर देगा और ऐसे व्यवसायी को प्रपत्र "घ" में एक प्रमाण-पत्र देगा यदि उसे तसल्ली नहीं है तो वह आवेदन-पत्र को अस्वीकार कर देगा, परन्तु किसी आवेदन-पत्र पर अस्वीकार करने के आदेश तब तक नहीं दिए जायेंगे जब तक आवेदक को सुनवाई का अवसर प्रदान नहीं किया जाता ।

7. **पंजीकरण प्रमाण-पत्र की दूसरी प्रति जारी करना.**—यदि पंजीकरण प्रमाण-पत्र गुम हो जाए, नष्ट हो जाए या कट फट जाये तो प्रमाण-पत्र का धारक, प्रमाण-पत्र लागू रहने की अवधि के दौरान किसी भी समय पंजीकार का प्रमाण-पत्र की प्रति के लिए आवेदन-पत्र दे सकता है और पंजीकार अपनी तसल्ली करने के पश्चात् और नियम 32 में निर्धारित फीस प्राप्त कर लेने पर, दूसरा प्रमाण-पत्र जारी कर देगा।

8. **धारा 16 के अधीन रजिस्टर में से नाम हटाना.**—जब कभी पंजीयक के कार्यालय को यह सूचना मिले कि कोई व्यवसायी दण्ड प्रकिया संहिता, 1973 म यथा प्रभावित संज्ञेय अपराध के लिए दोष सिद्ध हुआ है और ऐसी नतिक चरित्र हीनता परिषद् की राय में उसे अपने व्यवसाय में काम करने के लिए अयोग्य बनाने के लिये पर्याप्त है अथवा सम्यक रूप से जांच पड़ताल करने के उपरान्त यह मालूम होता है कि वह ऐसे आचरण का दोषी है जो उसे परिषद् की राय में किसी व्यवसायिक कार्य को करने के लिए गर्हित बनाता हो तो पंजीयक ऐसी सूचना का एक सार तैयार करेगा और उसे परिषद् के समक्ष ऐसी कार्यवाही करने के लिए रखेगा जैसी कि परिषद् धारा 16 की उप-धारा (5) के उपबन्धों के अध्याधीन करनी चाहे :

परन्तु धारा 16 की उप-धारा (5) के उपबन्धों के अधीन आदेश पारित करने से पूर्व, परिषद् सम्बन्धित व्यवसायी को सुनवायी का अवसर प्रदान करेगी, यदि वह ऐसा करना चाहे ।

9. **पंजीकरण प्रमाण-पत्र का अभ्यर्पण**—जिस किसी पंजीकृत व्यवसायी का नाम, धारा 15 की उप-धारा (5) के अधीन पंजीकार द्वारा या धारा 16 की उप-धारा (5) के अधीन परिषद् द्वारा रजिस्टर में से हटा दिया गया हो तो अपने हटाये गए नाम की सूचना मिलने पर पंजीकार को अपना प्रमाण-पत्र तुरन्त अभ्यर्पित कर देगा।

10. **धारा 15(5) और 16 (5) के अधीन जिस व्यवसायी का नाम हटाया गया हो उसके नाम की पुनः प्रविष्टि.**—(1) धारा 15 की उप-धारा (5) के अधीन जिस किसी व्यवसायी का नाम पंजीकार द्वारा रजिस्टर में से हटा दिया गया हो या जिस का नाम दर्ज करान की वहां मनाही हो या जिसका नाम धारा 16 की उप-धारा (5) के अधीन रजिस्टर में परिषद् द्वारा हटा दिया गया हो और जो धारा 15 की उप-धारा (5) के उपबन्धों के अधीन या धारा 16 की उप-धारा (6) के अधीन अपना नाम दर्ज या दोबारा दर्ज, जसी भी स्थिति हो, करना चाहे तो वह अध्यक्ष को आवेदन-पत्र देगा ।

(2) प्रत्येक ऐसा आवेदन-पत्र लिखित रूप में दिया जाएगा और उसमें वे सभी कारण होंगे जिन के आधार पर आवेदन-पत्र दिया गया है और उस के साथ आवेदक की पहचान के सम्बन्ध में प्रपत्र "ङ" में दिए गये प्रमाण-पत्र के अनुसार दो पंजीकृत व्यवसायियों के प्रमाण-पत्र लाने होंगे ।

11. **व्यवसायियों की सूची का प्रकाशन.**—(1) धारा 26 की उप-धारा (1) में निर्दिष्ट व्यवसायियों की सूची परिषद् के कार्यालय के बाहर किसी सुस्पष्ट स्थान पर चिपका दी जायेगी और इसके छपाये जाने और चिपकाये जाने का ऐसे समाचार-पत्रों में, जिन के बारे में परिषद् निर्णय करे और जो हिमाचल प्रदेश में काफी बिकते हों, पर्याप्त प्रचार किया जायेगा ।

(2) रजिस्टर के भाग (ख) में पंजीकृत व्यवसायियों के मामले में सूची में व्यवसायी की अर्हताएं लिखने की बजाए वह पद्धति भी चिह्नित होगी जिसमें वह अपना व्यवसाय चला रहा है ।

12. **प्रमाणित प्रति के प्रदाय हेतु शुल्क.**—(1) परिषद् या पंजीकार द्वारा, पारित किसी आदेश या रजिस्टर में किए गए किसी प्रविष्टि की प्रमाणित प्रति लेने के लिए शुल्क का दर 75 पसे से प्रति सौ शब्द या उसके भिन्न के लिए है परन्तु यह कम से कम 1 रुपये होगी :

परन्तु यदि कोई आवेदक ऐसी प्रति तुरन्त लेना चाहे तो उसे ऊपर की गई गणना के अनुसार शुल्क की दुगनी रकम देनी पड़ेगी और यह कम से कम 2 रुपये होगी ।

(2) तुरन्त आवेदन-पत्र देने की स्थिति में मांगी गयी प्रति आवेदक को जिस दिन उसने आवेदन-पत्र दिया है उससे अगले दिन कार्यालय बन्द होने से पहले दे दी जाएगी ।

13. **अपीलें.**—(1) धारा 27 के अधीन परिषद् को की गयी प्रत्येक अपील परिषद् के अध्यक्ष के नाम की जाएगी और उसके साथ नियम 32 में निहित शुल्क भी लगाया जायेगा ।

(2) प्रत्येक अपील सम्यक रूप से प्रस्तुत की गयी तब सही समझी जाएगी यदि उसे या तो रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा जाए या व्यक्तिगत रूप से या अपील कर्ता द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा परिषद् के कार्यालय में की जाए ।

(3) प्रत्येक अपील के साथ उस आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि भी भेजनी होगी जिसके विरुद्ध अपील की गयी है और उसमें निम्नलिखित विवरण अन्तर्विष्ट होना चाहिये :—

(क) उस आदेश की तिथि जिसके विरुद्ध अपील की गई है ;

(ख) संक्षिप्त किन्तु स्पष्ट रूप में अपील के आधार ।

(4) प्रत्येक अपील पर आवेदक हस्ताक्षर करेगा और अपील की आधारों के सत्यापन के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 म दिए गए ढंग से उसे सत्यापित करेगा ।

14. **अपीलें सुनने की प्रक्रिया.**—(1) यदि अपील पूर्ववर्ती नियम में बताये गये ढंग से प्रस्तुत न की गई या इसके साथ विहित शुल्क न लगाया गया हो तो वह सरसरी रूप से ही अस्वीकार कर दी जाएगी ।

(2) यदि उप-नियम 1 के अधीन अपील अस्वीकार नहीं की जाती तो परिषद् अपीलकर्ता की और जहां पर अपील पंजीकार के आदेशों के विरुद्ध हो और यह आदेश अपीलकर्ता के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति के सम्बन्ध में पारित किए गए हों परिषद् ऐसे व्यक्ति को सुनवायी का अवसर प्रदान कर इसका निर्णय करेगी । परिषद् के प्रत्येक निर्णय की पंजीकार को सूचना दे दी जाएगी और वह उसे कार्यान्वित करेगा ।

15. **रजिस्टर में भरे जाने वाली विशिष्टियां.**—पंजीकार प्रत्येक व्यवसायी के बारे में रजिस्टर में निम्नलिखित विशिष्टियां दर्शायेगा :—

(क) पंजीकरण संख्या ;
(ख) विवाहित स्त्रियों के मामल में पूरा नाम, अविवाहित नाम और विवाहित पूरा नाम ;
(ग) पिता का नाम ;
(घ) जन्म तिथि ;
(ङ) पता ;
(च) प्रशिक्षण का/के स्थान और अवधि/अवधियां ;
(छ) रजिस्टर के भाग 'क' और 'ख' में दज व्यवसायियों के मामले में अर्हताओं की किस्म और वे तिथियां जब यह अर्हताएं प्राप्त की गयी थीं;
(ज) रजिस्टर के भाग 'ख' में दर्ज व्यवसायियों के मामले में वह पद्धति जिसमें व्यवसाय चल रहा है ;
(झ) पंजीकरण की तिथि ;
(ञ) अभ्युक्तियां ।

16. **रजिस्टर के पृष्ठों का सत्यापन.**—रजिस्टर या प्रत्येक पृष्ठ पंजीकार के हस्ताक्षरों से सत्यापित किया जाएगा ।

17. **समितियों की नियुक्ति.**—अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए परिषद् इतनी संख्या के व्यक्तियों वाली ऐसी समितियां नियुक्त कर सकती है जितनी वह उचित समझे । परिषद् द्वारा नियुक्त समिति वह कार्य करेगी जो उसे परिषद् द्वारा सौंपा जाए । परन्तु इस नियम की कोई भी बात, इस प्रकार प्रत्येक नियुक्त समिति को कोई ऐसा कार्य करने का अधिकार नहीं देगी जिन के बारे में अधिनियम में विशेष तौर पर उल्लेख हो कि वे परिषद् या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा किए जाने हैं ।

18. **सदस्य को मिलने वाले यात्रा तथा अन्य भत्ते.**—(1) परिषद् या उसकी किसी समिति की बैठक में भाग लेने के लिए शासकीय सदस्यों को नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता दिया जाएगा जैसे कि उन्हें हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के रूप में प्रयोज्य हो ।

(2) परिषद् के अशासकीय सदस्यों को यह यात्रा भत्ता मिलेगा जो द्वितीय ग्रेड के हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को ग्राह्य है ।

(3) परिषद् या समिति की बैठकों में भाग लेने वाले सभी अशासकीय सदस्यों की बैठक के प्रत्येक दिन के लिए दैनिक भत्ता द्वितीय ग्रेड के हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को अधिकतम दरों से मिलने वाले दैनिक भत्ते के बराबर मिलेगा ।

19. **परिषद् की मोहर.**—धारा 3 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट सामान्य मोहर पंजीकार द्वारा अपनी अभिरक्षा में रखी जाएगी । यह प्रत्येक ऐसे पंजीकरण प्रमाण-पत्र पर जो इन नियमों के उपबन्धों के अधीन जारी किया गया है और अन्य ऐसे दस्तावेजों पर लगाई जाएगी, जिन्हें अध्यक्ष आदेश द्वारा निर्देशित करे ।

20. **सम्पत्ति का प्रबन्ध.**—पंजीकार परिषद् की समस्त सम्पत्ति की देखभाल के लिए उत्तरदायी होगा और वह परिषद की चल सम्पत्ति का एक स्टाक रजिस्टर कायम करेगी ।

21. **परिषद् की राशि को बैंक में जमा कराना.**—परिषद्, भारतीय स्टेट बैंक में अपना खाता खोलेगी और उस द्वारा प्राप्त सारी धन राशि नियम 23 के उपबन्धों के अधीन बैंक में जमा करवाई जाएगी ।

22. **परिषद् की ओर से धन राशि की प्राप्ति.**—परिषद् को देय सारी धनराशि परिषद् की ओर से पंजीकार द्वारा या उस द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत किसी अन्य परिषद् के कर्मचारी द्वारा प्राप्त की जाएगी और यह प्राप्ति के अगले दिन बैंक में जमा करा दी जाएगी । पंजीकार द्वारा धनराशि प्राप्त करने के प्रमाण में परिशिष्ट "क" विहित ढंग के अनुसार एक रसीद दे दी जाएगी ।

23. **परिषद् के लेखे का रख रखाव.**—परिषद् के लेखे का संचालन पंजीकार और अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा ।

24. **स्थायी अग्रिम.**—पंजीकार दो सौ रुपये का स्थायी अग्रिम रखेगा ।

25. **लेखे का रख रखाव.**—परिषद् की तरफ से प्राप्त या खर्च की गयी सारी धनराशि परिशिष्ट "ख" में विहित ढंग के अनुसार रखी जाने वाली सामान्य कैश बुक में परिषद् के खाता में लिखी जाएगी और यह पंजीकार की प्रत्यक्ष देखरेख में होगा और उसकी अनुपस्थिति में उस द्वारा लिखित रूप में प्राधिकृत परिषद् के किसी कर्मचारी की देखरेख में होगा ।

26. **लेखों की लेखा परीक्षा.**—परिषद् के लेखों का परीक्षक, स्थानीय लेखा निधि, वित्त विभाग द्वारा वार्षिक लेखा परीक्षा की जाएगी ।

27. **लेखों की वार्षिक विवरणियों का तैयार किया जाना.**—पंजीकार प्रतिवर्ष जुलाई में 31 मार्च को समाप्त होने वाले पहले वर्ष की आय और व्यय की विवरणी तैयार करवाएगा और परिषद् का ध्यान उन विषयों पर दिलाएगा जो उसे परिषद् के ध्यान में लाने आवश्यक प्रतीत होते हैं ।

28. **प्राक्कलन तैयार करना.**—(1) पंजीकार प्रतिवर्ष अक्तूबर के मास में या ऐसी तिथि को जो अध्यक्ष नियत करे पहली अप्रल को शुरू होने वाले अगले वर्ष के लिए परिषद् की आय और व्यय का प्राक्कलन तैयार करवाएगा और उसे परिषद् को प्रस्तुत करेगा ।

(2) प्राक्कलनों में परिषद् के दायित्वों की पूर्ति और अधिनियम के उपबन्धों को ठीक ढंग से कार्यान्वित करने हेतु धनराशि की व्यवस्था होगी ।

(3) परिषद् उप-नियम (1) के अधीन प्रस्तुत किए गए प्राक्कलनों पर विचार करेगी और उन्हें या तो उसे परिवर्तन के बिना अथवा प्राक्कलनों को ऐसे परिवर्तन के साथ जैसे वह उचित समझे स्वीकृत कर सकती है ।

29. **अनुपूरक प्राक्कलनों का तैयार करना.**—परिषद् द्वारा जिस वर्ष के लिए प्राक्कलन मन्जूर किए गए हैं उसके दौरान किसी भी समय अनुपूरक प्राक्कलन तैयार कराके प्रस्तुत करा सकता है । प्रत्येक प्राक्कलन पर परिषद् उसी ढंग से विचार करेगी मानों यह मूल वार्षिक प्राक्कलन ही हो । कोई भी ऐसा व्यय नहीं किया जाएगा जिसके नियम 28 के उप-नियम (3) के अधीन स्वीकृत प्राक्कलनों या अनुपूरक प्राक्कलन में सम्यक रूप से व्यवस्था न की गयी हो ।

30. **बिलों की अदायगी.**—दावाकृत राशि के लिए प्रस्तुत किए गए कर्मचारियों के वेतन बिल और अन्य वाउचर लेखाकार द्वारा प्राप्त किए जाएंगे और उन द्वारा उनका परीक्षण किया जाएगा । उन वाउचर पर सन्तुष्ट होने पर कि दावा ठीक है बिल पारित किया जाएगा:—

(क) कर्मचारियों के वेतन बिल से सम्बन्धित यदि दावा एक हजार की राशि से अधिक न हो तो पंजीकार द्वारा पारित किया जाएगा ।

(ख) अन्य मामलों में अध्यक्ष द्वारा पारित किया जाएगा ।

31. **वापसी.**—परिषद् द्वारा फीस के प्रति प्राप्त धन राशियां किन्हीं भी स्थितियों में वापिस नहीं की जाएंगी । इस प्रकार प्राप्त रकमें परिषद् के लेखे में जमा रहेंगी :

परन्तु व्यवसायी द्वारा निहित शुल्कों से अधिक अदा की गयी राशि परिषद् के उचित लेखा में जमा की जाएगी और यदि तीन वर्ष की अवधि के भीतर दावा किया जाता है तो वह वापिस की जा सकती है और यदि उपरोक्त अवधि के भीतर वापसी के लिए कोई दावा नहीं किया जाता है तो राशि परिषद् के लेखे में जमा की जाएगी ।

32. **परिषद् को देय शुल्क.**—परिषद् को दी जाने वाले निम्नलिखित शुल्क विहित किए गए हैं:—

(1) नियम 3(1) के अधीन रजिस्टर में पहले पंजीकरण के लिए	..50/- रुपये
(2) नियम 5 के उप-नियम (2) के अधीन रजिस्टर में नाम परिवर्तन करने के लिए	..10/- रुपये
(3) नियम 6 के उप-नियम (1) के अधीन बाद में दर्ज प्रत्येक अतिरिक्त अर्हता या पद के लिए	..10/- रुपये
(4) नियम 7 के अधीन द्वितीयक पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए	..15/- रुपये
(5) नियम 13 के अनुसार परिषद् को अपील दायर करने के लिए यदि अपील पंजीकार द्वारा आवेदन के विरुद्ध पारित आदेशों के विरुद्ध हो	..15/- रुपये
(6) नियम 13 के अनुसार अपील दायर करने के लिए यदि अपील पंजीकार द्वारा अपीलकर्ता के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध पारित आदेशों से विरुद्ध हो	..40/- रुपये
(7) नियम 3 (क) के अधीन पंजीकरण के नवीनीकरण हेतु शुल्क	..10/- रुपये

और इसके अतिरिक्त भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1889 अथवा स्टाम्प शुल्क सम्बन्धी उस समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीनउदग्रहण किए जाने वाला स्टाम्प शुल्क भी लिया जाएगा ।

33. **परिषद् के कर्मचारियों की नियुक्ति और उन पर नियन्त्रण.**—(1) धारा 14 की उप-धारा (5) के अधीन परिषद् द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को भी वही वेतन व भत्ते दिए जाएंगे जो सरकार के पूर्वानुमोदन के सा परिषद् द्वारा मन्जूर किए जाएं ।

(2) पंजीकार का परिषद् के कर्मचारियों पर प्राधिकार होगा और उन पर नियन्त्रण रखेगा कर्मचारीवृन्द के विभिन्न वर्गों के कर्तव्य ऐसे होंगे जैसे कि अध्यक्ष तथा रजिस्ट्रार द्वारा नियत किए जाएं ।

34. **परिषद् के कर्मचारियों को अवकाश और यात्रा भत्ता.**—पंजीकार और परिषद् के अन्य कर्मचारियों को अवकाश और यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार दिया जाएगा जैसे कि हिमाचल प्रदेश सरकार के कर्मचारियों को प्रयोज्य है ।

35. **पंजीकार को अवकाश मन्जूर करने का अधिकार.**—पंजीकार को अवकाश देने के लिए अध्यक्ष प्राधिकृत होगा ।

36. **परिषद् के अन्य कर्मचारियों को अवकाश प्रदान करने की शक्तियां.**—पंजीकार परिषद् के अन्य कर्मचारियों को अवकाश मन्जूर कराने और उसके स्थान पर कर्मचारी रखने के लिए प्राधिकृत होगा ।

37. **अंशदायी भविष्य निवार्हनिधि.**—परिषद् के कर्मचारी पेंशन लेने के हकदार नहीं होगें परन्तु स्थायी कर्मचारियों को परिशिष्ट "ग" में दिए हुए अंशदायी भविष्य निधि नियमों का लाभ मिलेगा ।

38. **नियमों का निर्वाचन.**—इन नियमों के किसी निर्वाचन अथवा निर्मलीकरण की स्थिति में राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम होगा ।

प्रपत्र "क"

[नियम 3 (1) देखिए]

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 के अधीन पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र

सेवा में,

पंजीकार,
होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद्,
हिमाचल प्रदेश, शिमला ।

विषय:—हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 की धारा 16 के अधीन पंजीकरण के लिए आवेदन-पत्र ।

महोदय,

निवेदन है कि हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 के अन्तर्गत बनाए गये रजिस्टर के भाग "क" अथवा "ख" में होम्योपैथिक व्यवसायी के रूप में मेरा नाम दर्ज कर लिया जाए ; मेरे बारे में आवश्यक विवरण आपकी सूचना एवं अभिलेख के लिए निम्न प्रकार से दिया जाता है:—

1. आवेदक का नाम (मोटे अक्षरों में)——————————

2. (क) विवाहित नाम, कोई हो (मोटे अक्षरों में)——————————
(केवल विवाहित स्त्रियों द्वारा भरा जाना है)
(ख) अविवाहित नाम (मोटे अक्षरों में)——————————

3. पिता का नाम (मोटे अक्षरों में)——————————

4. वह स्थान जहां व्यवसाय चल रहा है/चलाएगा——————————
(क) गांव/मोहल्ला——————————डाकघर——————————
(ख) तहसील और जिला——————————थाना——————————

(जन्म तिथि के प्रमाण में प्रमाण-पत्र की प्रति लगाएं)

6. वह पद्धति जिसमें व्यवसाय चल रहा है/चलाएगा:—

(होम्योपैथिक——————————)

7. (क) होम्योपैथिक के बारे में उस मान्यता प्राप्त संकाय/बोर्ड/विश्वाविद्यालय का नाम व पता जहां से शिक्षा ग्रहण की हो——————————
(ख) उक्त उल्लिखित संस्थाओं में अध्ययन की अवधि——————————
(ग) पास की गई परीक्षा का नाम——————————
(घ) पास करने का वर्ष——————————

8. यदि अध्ययन निजि तौर पर किया हो तो निम्नलिखत विवरण दीजिए:—

(क) गुरु का नाम व पता——————————

(ख) अध्ययन की अवधि——————————

(ग) व्यवसाय की अवधि——————————से——————————तक

9. यदि किसी राज्य से पंजीकृत का नाम दर्ज हो तो——————————

(क) पंजीकरण/इन्द्राज संख्या—————————— (प्रमाण-पत्र की प्रति लगाएं)

(ख) रजिस्टर में प्रविष्टि के लिए 50/- रुपये और पंजीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए 5/- रुपये——————————डाकघर की मनीआर्डर रसीद संख्या—————————— दिनांक——————————द्वारा भेज दिए गए हैं।

(ग) यदि फीस नकद दी गई हो तो शासकीय रसीद संख्या——————————दिनांक——————————

दिनांक—————————— आवेदक के हस्ताक्षर।

टिप्पणियां.—1. आवेदन पत्र में की गई सभी काट फाट, आवेदक द्वारा आवश्यक हस्ताक्षरित की जानी चाहिए।

2. पंजीकरण शुल्क पंजीकार, होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद्, हिमाचल प्रदेश, शिमला को या तो मनीआर्डर द्वारा भेजी जा सकती है या नकद दी जा सकती है।

3. इस आवेदन-पत्र के साथ मान्यता प्राप्त संस्था का डिप्लोमा उपाधि भेजी जानी चाहिए।

4. जो मद्द व शब्द लागू न होते हो उन्हें काट दिया जाए।

शपथ पत्र

मैं——————————सुपुत्र श्री—————————— जोकि—————————— गांव——————————डाकघर——————————तहसील——————————ज़िला—————————— का निवासी हूं और जो गांव/मुहल्ला——————————तहसील—————————— डाकघर——————————थाना——————————ज़िला——————————में व्यवसाय चलाने का इच्छुक हूं सत्य निष्ठा से निम्न घोषणा करता हूं:—

(क) किसी सक्षम न्यायालय ने ऐसा निर्णय नही दिया कि मैं विकृत चिन्ह हूं।

(ख) कि मुझे किसी दण्ड न्यायालय ने नैतिक अध्यामता के किसी उपराध में दोषी सिद्ध नही किया है और न ही कारावास का दण्ड दिया है।

(ग) कि मैं (अत्योक्ति दिवालिया कारावास) नही हूं।

(घ) कि मेरा नाम व्यवसायिक अवचार के लिए राज्य, बोर्ड/परिषद् द्वारा रखे गए व्यवसायी रजिस्टर में से हटाया नहीं गया है।

(ङ) कि मैंने हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 और उसके अधीन बनाए गए नियमों को पढ़ लिया है। उक्त अधिनियम व नियमों के उपबन्धों का पालन करने का बचन देता हूं।

मैं सत्यनिष्ठा से घोषणा और प्रतिज्ञान करता हूं कि पंजीकरण के लिए दिए गए प्रमाण-पत्र के पैरों "क" से "ङ" में दिया गया विवरण मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है। मैं आगे शपथ लेता हूं कि सम्बद्ध कोई भी बात मेरे से छुपाई नहीं गई है।

दिनांक——————————

——————————
आवेदक के हस्ताक्षर

टिप्पणी:—शपथ-पत्र प्रथम श्रेणी के दण्डाधिकारी या शपथ आयुक्त द्वारा अनुप्रमाणित किया जाएगा।

अनुप्रमाणक अधिकारी के हस्ताक्षर——————————पद नाम——————
पूरा नाम (मोटे अक्षरों में)——————————————
स्थान———————————— दिनांक————————————198———

कार्यालय द्वारा भरा जाएगा

पंजीकरण आवेदन-पत्र दिनांक——————————————को प्राप्त हुआ दैनिकी संख्या——————

(क) रजिस्टर में प्रविष्टि करने व प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए शुल्क दिन ——————को प्राप्त हुआ ।

(ख) शासकीय रसीद संख्या——————————दिनांक——————————

(ग) रोकड़ बही पृष्ठ संख्या——————————निजि खाता संख्या——————
लेखाकार के हस्ताक्षर——————————————
कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर——————————————————
पंजीकार के आदेश——————————————————
पंजीकरण संख्या——————————————————मूल
प्रमाण-पत्रों की छानवीन की गई और——————————को लौटाये गए ।
पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या——————————दिनांक——————
द्वारा जारी किया गया है ।

———

प्रपत्र "ख"

[नियम 3 (4) देखिए]

संख्या——————————

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद् शिमला-2

मैं प्रमाणित करता हूं कि श्री——————————————————सुपुत्र श्री——————————————हिमाचल प्रदेश को हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 के अधीन दिनांक——————————————को शिमला में हौम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में भाग "क" या "ख" में पंजीकृत कर लिया गया है ।

अर्हताऐं——————————————
जन्मतिथि——————————————
पता——————————————

टिप्पणियां:—(1) यह प्रमाण-पत्र केवल हिमाचल प्रदेश के भीतर ही व्यवसाय चलाने का हकदार बनाता है ।
(ख) यह प्रमाण-पत्र वर्ष——————————————के लिए मुद्रित रजिस्टर के प्रकाशन तक केवल पंजीकरण का साक्ष्य रहता है ।

सामान्य मोहर पंजीकार

दिनांक शिमला,——————————————, 198 .

जरूरी सूचना:—

प्रत्येक पंजीकृत व्यवसायी को इस बारे में सावधान रहना चाहिए कि यदि उसके पते में कोई परिवर्तन हो जाए तो उसकी सूचना पंजीकार को तुरन्त भेजी जाए और इस सम्बन्ध में पंजीकार द्वारा यदि कोई पूछताछ

की जाए तो उसका उत्तर तुरन्त भेजा जाए ताकि उसका पता, रजिस्टर में ठीक सम्यक रूप से दर्ज हो सके । अन्यथा हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 की धारा 15(5) के अधीन व्यवसायी का नाम रजिस्टर म से हटाया जा सकता है ।

प्रपत्र "ग"

[नियम 6(1) देखिए]

अतिरिक्त अर्हताएं के पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र

सेवा में,

पंजीकार,
होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद्,
हिमाचल प्रदेश, शिमला ।

महोदय,

मैं———————————————अतिरिक्त अर्हताओं के पंजाकरण कराने के लिए आवेदन-पत्र भेज रहा हूं जो मैंने————————————में————————————प्राप्त की अर्हताओं का डिप्लोमा या प्रमाण-पत्र मूल रूप में उसकी प्रति सहित एतद्द्वारा संलग्न किया जाता है जिसे कार्रवाई के उपरान्त लौटा दिया जाए । मैं हिमाचल प्रदेश होम्योपथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 के अधीन पहले से ही पंजीकृत हूं । मेरा पंजीकरण का विवरण निम्न प्रकार से है:—

नाम————————————
पिता का नाम————————————
पता————————————
पंजीकरण संख्या————————————

10/- रुपये की विहित शुल्क द्वारा————————————————डाकघर रसीद संख्या————————————दिनांक————————————द्वारा भेज दिया गया है शासकीय रसीद संख्या————————————दिनांक————————————द्वारा अदा की है ।

दिनांक————————————

भवदीय,

पंजीयक व्यवसायी के हस्ताक्षर ।

अनुलग्नकों की संख्या————————————
यदि अपेक्षित न हो तो उसे काट दिया जाए ।

प्रपत्र "घ"

[नियम 6(2) देखिए]

अतिरिक्त अर्हताओं का पंजीकरण

नीचे दिए गए डिप्लोमे/प्रमाण-पत्र हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी के रजिस्टर में श्री/श्रीमती ————————————————के नाम के सामने दर्ज कर लिए गए हैं ।

पंजीकरण संख्या————————————————

————————————————————————

————————————————————————

सामान्य मोहर पंजीकार

दिनांक——————————198 .

प्रपत्र "ङ"

[नियम 10(2) देखिए]

रजिस्टर में नाम के द्वारा इन्द्राज के लिए आवेदन-पत्र की पुष्टि में प्रमाण पत्र

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूं कि आवेदन उपर्युक्त विनिर्दिष्ट ——————————वही है जिसका नाम हिमाचल प्रदेश के होम्योपैथिक व्यवसायियों के रजिस्टर में होम्योपैथिक अधिनियम, 1979 के अधीन औपचारिक रूप से दर्ज है:—

नाम——————————————

(प्रमाणित करने वाले व्यक्ति का नाम)

पता——————————————

——————————————

अर्हताएं——————————————

प्रमाणित करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर

दिनांक——————————198 . पंजीकरण संख्या——————————

परिशिष्ट "क"

परिशिष्ट "क"

(हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 का नियम 21 देखिए)

बही संख्या

क्रमांक

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद् का कार्यालय, शिमला

दिनांक——————————

परिशिष्ट "क"

(हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 का नियम 21 देखिए)

बही संख्या

क्रमांक

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद् का कार्यालय, शिमला

दिनांक——————————

श्री/श्रीमती————————से ————— श्री/श्रीमती————————से ——————

के कारण————————————रुपये की के कारण————————————रुपये की

रकम (————————————रुपये) रकम (————————————रुपये)

प्राप्त की । प्राप्त की ।

पंजीकार पंजीकार

परिशिष्ट "ख"

(नियम 25 देखिए)

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद्

सामान्य रोकड़ बही

आय						
मास	तिथि	वर्गीकृत सार की पन्ना संख्या	विभागीय मुख्यालय और विस्तृत शीर्षक और लेखा का उपशीर्षक	प्राप्ति का विवरण और जिन व्यक्तियों से प्राप्त हुआ का नाम	बैंक रसीद की संख्या और तिथि	राशि
1	2	3	4	5	6	7

आय			व्यय		
दैनिक जोड़	बैंक में जमा संख्या वैंक रसीद की तिथि	राशि	मास	तिथि	वर्गीकृत सार की पन्ना संख्या
8	9	10	11	12	13

व्यय					
विभागीय मुख्य लघु और लेखा के विस्तृत उपशीर्षक	व्यय प्रभार का विवरण और प्रापक का नाम	वाउचर की संख्या	चैक की संख्या और तिथि	राशि	दैनिक जोड़
14	15	16	17	18	19

परिशिष्ट "ग"

(नियम 37 देखिये)

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद के कर्मचारियों के लिये भविष्य निधि नियम

1. नीचे लिखे नियमों में:—

(1) "परिषद" से हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी अधिनियम, 1979 के अधीन स्थापित होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद् अभिप्रेत है ;

(2) "जमा कर्ता" से अभिप्रेत है कोई कर्मचारी जिसकी ओर से इन नियमों के अधीन जमा किया जाता है;

(3) "परिवार" से अभिप्रेत है पत्नी या पति जैसी भी स्थिति हो और माता-पिता बच्चे और सौतेले बच्चे, जो पूर्णतया कर्मचारी पर निर्भर हों ;

(4) "ब्याज" से अभिप्रेत है वह ब्याज जो सरकारी बचत बैंक में जमा रकम पर ऐसी संस्था के लिये प्रवृत्त नियमों के अधीन दिया जाता है;

(5) "वेतन" से व्यक्तिगत् मतों के रूप में सभी नियत मासिक भत्ते सम्मिलित हैं परन्तु इसमें विशेष व्यय की पूर्ति हेतु स्वीकार किये गये यात्रा भत्ते, वाहन भत्ते, मकान किराया, भत्ते सम्मिलित नहीं हैं, चाहे वे दैनिक, मासिक, वार्षिक आधार पर अदा किये गये हों;

(6) "कर्मचारी" में हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद् के कार्यालय में मूल पद धारण करने वाला प्रत्येक कर्मचारी सम्मिलित है ।

स्पष्टीकरण:— (1) मूल पद पर परिवीक्षा पर होने वाला कोई कर्मचारी इन नियमों के प्रयोजन हेतु तब तक कर्मचारी नहीं माना जायेगा जब तक वह स्थायी न हो जाये ।

(2) परिषद् के कार्यालय में किसी पद पर नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी को या उस कर्मचारी का जिस किसी पद पर पदोन्नत किया गया हो उसे जब तक परिषद् के अध्यक्ष ने विशेष तौर पर छूट न दी हो उसे अपने वेतन में से आठ पैसे प्रति रुपये की दर से भविष्य निधि के लिये अंशदान देना होगा जिसका संयुक्त लेखा डाकघर बचत बैंक में परिषद् के अध्यक्ष के सरकारी नाम से खोला जायेगा । परिषद् द्वारा कटौती प्रत्येक वेतन बिल में से की जायेगी और यह तुरन्त निधि में जमा कर दी जायेगी । इस कटौती की गणना करने समय रुपये का भिन्न छोड़ दिया जायेगा ।

(3) परिषद् भी प्रत्येक जमा कर्ता के लेखे में पिछले नियम के अधीन उस के वेतन में से काटी गई राशि के बराबर अंशदान देगी । यह अंशदान वेतन में से की गई कटौती सहित प्रत्येक कर्मचारी की निधि में हर मास जमा करा दिया जायेगा ।

(4) परिषद के कार्यालय में एक भविष्य निधि खाता (इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र-1) में रखा जायेगा । नियम 2 के अधीन प्रत्येक जमा कर्ता के वेतन में से काटी गई मासिक रकम और नियम 3 में निर्दिष्ट मासिक

अंशदान भविष्य निधि खाता में तुरन्त दर्ज कर दी जायेगी और इस प्रकार दर्ज की गई रकम नियम 2 में निर्दिष्ट संयुक्त लेखे में जमाकर्ता के खाते में डाकघर बचत बैंक को दे दी जायेगी । डाकघर बचत बैंक में अदायगी यथा-सम्भव प्रत्येक मास की प्रथम व चतुर्थ तारीख को की जाये ताकि उस पर ब्याज लग सके ।

(5) जब कोई कर्मचारी बिना वेतन के अवकाश पर हो तो इस अवधि के दौरान भविष्य निधि की न तो कटौती की जायेगी और न ही उस पर अंशदान दिया जायेगा ।

(6) वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर और डाकघर द्वारा बचत बैंक संयुक्त लेखा पास बुक में ब्याज जोड़े जाने के यथा-शीघ्र पश्चात् प्रत्येक जमाकर्ता के लेखे की एक प्रति इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र 2 में उसे दे दी जायेगी ।

(7) परिषद् द्वारा अंशदान के रूप में दी गई रकम के किसी का कोई कर्मचारी तब तक पात्र नहीं होगा जब तक अध्यक्ष न उसे नौकरी छोड़ने की अनुमति न दे दी हो ।

(8) परिषद् का कोई भी कर्मचारी जो परिषद के अध्यक्ष की राय में बेइमानी या अन्य घोर दुराचार के कारण दोषी हो वह परिषद् के अनुमोदन बिना किसी भी संचित ब्याज या लाभ पर परिषद् द्वारा उसे दी गई किसी रकम के किसी भाग को लेने का पात्र नहीं होगा । परिषद को कर्मचारी की बेइमानी या असावधानी के कारण जितनी रकम का घाटा या क्षति हुई हो उसे प्रथम दोष के रूप में उतनी रकम कर्मचारी के लेखे में उस समय जमा रकम में से वसूल करने का हक होगा ।

(9) (क) यदि किसी कर्मचारी को पदच्युत कर दिया जाये तो परिषद् कर्मचारी के हिसाब में दी गई सारी रकम या इस के भाग को तथा उस पर लगने वाले ब्याज को रोक लेगा और कर्मचारी को उसी अंशदान और उस पर लगने वाले ब्याज के बिना केवल बकाया की ही अदायगी करेगा ।

(ख) इन नियमों के नियम 8 में उपबन्धित किये गये, के सिवाए निर्दिष्ट बकाया पदच्युत होने पर या दोष सिद्धि पर जब्त नहीं होगा ।

(10) यदि किसी कर्मचारी के त्याग-पत्र, स्थानान्तरण अथवा मृत्यु के समय उसके नाम परिषद का कोई बकाया परिषद् उसके नाम जब्त रकम में से, उतनी रकम काट सकती है और बकाया रकम यदि कोई बचती हो तो उसे दे दी जायेगी ।

(11) नियम 7, 8, 9 और 10 के अधीन कर्मचारी का कोई रोका गया अंशदान और उस पर लगने वाला ब्याज परिषद का हो जायेगा और उस के बचत बैंक संयुक्त लेखों में से निकाल कर परिषद् के खाते में जमा कर दिया जायेगा ।

(12) सेवा निवृति से पहले या सेवा निवृति के बाद परन्तु धन राशि अदा करने से पहले जमाकर्ता की मृत्यु हो जाने की स्थिति में उसके लेखों को जमा नियम 7, 8, 9 और 10 के अधीन उन व्यक्तियों में बांट दी जायेगी जो कर्मचारी द्वारा भरे गए घोषणा-पत्र में दर्ज किये गये हों (इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र "III") यह घोषणा उसे कर देनी चाहिए जब कर्मचारी की निधि लेखे में पहली किस्त जमा की जाये । जमाकर्ता परिषद के पंजीकार को लिखित आवेदन-पत्र देकर समय-समय पर अपने नामजद व्यक्तियों में परिवर्तन कर सकता है ।

(13) परिषद् की नौकरी छोड़ने पर जमा कर्ता का लेखा बन्द कर दिया जायेगा और यदि उसके लेखे की रकम छः महीनों के अन्दर नहीं निकलवाई जाती तो यह निष्क्रय लेखा समझ कर बट्टे खाते में डाल दी जाएगी और फिर यह रकम परिषद् के अध्यक्ष के आदेशों से ही दी जाएगी।

(14) जब कोई लेखा निष्क्रय हो जाए तो यह भविष्य निधि खाता में बन्द कर दिया जाएगा और फिर रकम बचत बैंक संयुक्त लेखा से निकलवाई जाएगी और रोकड़ बही में फुटकर प्राप्ति के रूप में जमा की जाएगी। यदि बाद में रकम का दावा किया जाए तो रोकड़ बही और भविष्य निधि खाता की प्रविष्टियां ढूंढी जाएंगी और परिषद के अध्यक्ष के आदेश प्राप्त किये जाएंगे। फिर अदायगी करने और अदायगी के तथ्य तथा आदेशों का हवाला प्रत्येक लेखा पुस्तक की प्रविष्टि के आगे दे दिया जायेगा ताकि दुबारा अदायगी को बचाया जाए।

(15) एक संयुक्त डाकघर बचत बैंक लेखा परिषद् के अध्यक्ष के पदीय नाम से खोला जायेगा। बचत बैंक पास बुक सुरक्षित अभिरक्षा हेतु कार्यालय तिजौरी में रखी जायेगी। संयुक्त लेखे में यदि रकम निकलवानी हो तो परिषद् के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित मांग-पत्र पर ही निकलवायी जायेगी।

(16) उपयुक्त नियमों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जमाकर्ता की आर्थिक परिस्थितियां ऐसी हों कि उसे धन की आवश्यकता हो, तो उसे निम्नलिखित में से किसी प्रयोजन के लिए परिषद् के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त बचत बैंक लेखे में से तीन मास के वेतन के अनाधिक या जमाकर्ता के लेखे की आधी रकम के बराबर जो भी कम हो, अस्थायी अग्रिम धनराशि अनुमत की जा सकती है :—

(1) जमाकर्ता या उसके परिवार के किसी व्यक्ति की बिमारी का खर्च पूरा करने हेतु,

(2) किसी विवाह या अन्त्येष्टि सम्बन्धी खर्च की पूर्ति के लिए जो जमाकर्ता के धर्म के अनुसार ऐसा करना अनिवार्य हो और जिसके सम्बन्ध में खर्च करना आवश्यक होता हो। जब जमाकर्ता ने अग्रिम रकम ले रखी हो तो दूसरी बार अग्रिम रकम तब तक नहीं दी जायेगी जब तक पहले ली गयी सारी रकम अदा न कर दी जाए।

टिप्पणी:—इन नियमों के प्रयोजनों के लिए 'वेतन' से अभिप्रेत है, मूल वेतन और इसमें किसी प्रकार के भत्ते सम्मिलित नहीं है।

(17) अग्रिम राशि 24 से अधिक किस्तों में वसूल नहीं की जायेगी। अंशदाता अपनी विकल्प से 24 से कम किस्तों में अदायगी कर सकता है या दो या इससे अधिक किस्तें एक साथ अदा कर सकता है। वसूलिया मासिक रूप से अग्रिम रकम स्वीकृत होने के बाद पहले महीने के पूरे वेतन में से कटनी शुरू हो जायेगी, परन्तु जब जमाकर्ता बिना वेतन के छुट्टी पर हो तब वसूली नहीं की जायेगी। किस्त वेतन में से अनिवार्य कटोती के रूप में वसूल कर ली जायेगी और यह उस अंशदान के अतिरिक्त होगी जो प्रतिमास प्रायः काटा जाता है। वसूली की प्रत्येक किस्त वसूल होने पर संयुक्त बचत बैंक लेखे में तुरन्त जमा कर दी जायेगी।

(18) यदि अंशदाता को अग्रिम राशि मंजूर कर दी गयी हो और उसने निकलवानी हो और यह रकम बाद में अदायगी की प्राप्ति से पूर्व अस्वीकार कर दी गयी हो तो निकलवायी गयी सारी बकाया रकम अंशदाता द्वारा तुरन्त निधि में वापिस कर दी जायेगी और इसे न देने की स्थिति में परिषद् के अध्यक्ष के आदेशों से अंशदाता के वेतन में से एकमुश्त या मासिक किस्तों में जो 12 से ज्यादा नहीं होंगी जैसे परिषद् का अध्यक्ष आदेश दे, वसूली की जाए।

(19) इन नियमों में किसी बात के अन्तर्विष्ट होते हुए यदि परिषद् का अध्यक्ष इस बात से सन्तुष्ट हो कि नियम 16 के अधीन निधि में से अग्रिम के रूप में निकाली गयी राशि जिस प्रयोजन के लिए स्वीकृत की गई थी उससे भिन्न प्रयोजन हेतु प्रयोग में लायी गयी है तो यह राशि जमाकर्ता द्वारा निधि में तुरन्त वापिस कर दी

जायेगी और न देने की स्थिति में परिषद् के अध्यक्ष के आदेशों से जमाकर्ता के वेतन में से एकमुश्त कटौती द्वारा वसूल कर ली जायेगी।

(20) भविष्य निधि का लाभ लेने वाले प्रत्येक कर्मचारी को एक लिखित घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे कि उसने नियमों को पढ़ लिया है और वह इन का पालन करेगा।

प्रपत्र I

भविष्य निधि खाता
(परिशिष्ट 'ग' का नियम 14 देखिए)

क्रम संख्या	जमा कर्ता						बचत बैंक में जमा की अग्रिम राशि		
	नाम	पद संज्ञा	अर्थ शेप	तिथि	अंशदाता द्वारा	हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक परिषद् द्वारा	आज तक कुल	तिथि	रकम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
			रु0 पै0		रु0 पै0	रु0 पै0	रु0 पै0		रु0 पै0

आज तक कुल	बचत बैंक द्वारा दिया गया ब्याज			कुल जमा जिसमें बचत बैंक का ब्याज भी शामिल है (स्तम्भ 11 और 14)	तिथि	रकम	बचत बैंक में बकाया			अभ्युक्तियां
	तिथि	रकम	आज तक कुल				तिथि	रकम	मास के अन्त में प्रत्यक अंशदाता का बकाया जमा	
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
रु0 पै0		रु0 पै0	रु0 पै0	रु0 प0		रु0 पै0		रु0 पै0	रु0 पै0	

प्रपत्र II

(नियम 6 परिशिष्ट 'ग' देखिए)

(होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति परिषद्)

लेखे का वर्ष .....

जमाकर्ता का नाम	अर्थ शेष	वर्ष के दौरान जमाकर्ता का भाग	परिषद् का भाग	जोड	वर्ष के दौरान वसूलियां	वर्ष के दौरान लगन वाला ब्याज	वर्ष के दौरान प्रत्याहार	शेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9

इसमें नीचे दिये गये विवरण के अनुसार पिछले वर्षों में वसूली की गयी परन्तु इस वर्ष के लेखे में डाली गई ..... रकम शामिल है। पिछली अवधियों की जमा रकमों पर भी ब्याज शामिल है। गुम हुए आक्कलन/विवकलन के लिए कृपया अगले पृष्ठ में देखिये।

नोट—1. यदि अंशदाता पहले की गयी नामजदगी में कोई परिवर्तन करना चाहे तो निधि के नियमों के अनुसार नई नामजदगी तुरन्त की जाए।

नोट—2. यदि अंशदाता का कोई परिवार न होने के कारण उसने अपने परिवार के व्यक्ति/व्यक्तियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का नाम नामजद किया हो तो और बाद में उसका परिवार हो गया हो तो उसे अपने परिवार के व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम नामजदगी के कागज भर देने चाहिये।

नोट—3. अंशदाता से प्रार्थना की जाती है कि वह अपने कथन की सत्यता के बारे में तसल्ली कर ले और यदि कोई गलती रह गई हो तो उनकी प्रेषित की तिथि के.....मास के अन्दर रजिस्ट्रार के ध्यान में ला दें।

.....

पंजीकार के हस्ताक्षर

गुम आकलन/विकलन

गुम हुए आकलनों/विकलनों का विवरण नीचे दिया जाता है यदि अंशदानों/अंशदाता निकाली गई रकमों/निकलवायी गई रकमों की वापसी कर दी गई हो तो जमाकर्ता कृपया उन वाउचरों का हवाला दे जिनमें कटौतियां की गई थीं/रकमें निकलवाई गई थीं और उसमें प्रत्येक वाउचर की संख्या, भुगतान की तिथि, खजाने का नाम, लेखा शीर्ष और वाउचर की शुद्ध रकम का भी उल्लेख होना चाहिये (अराजपत्रित कर्मचारियों की स्थिति में यह ब्योरा कार्यालय अध्यक्ष द्वारा दिया जाए ।

अंशदान		निकलवाई गई रकमों/राशियों की वापसियां			अग्रिम राशि/निकलवाई गई राशियां	
वर्ष	वेतन का मास	राशि	वर्ष	वेतन का मास	वर्ष	मासिक वेतनमान

प्रपत्र III

(परिशिष्ट "ग" का नियम 12 देखिये)

नामजदगी फार्म

(क) जब जमाकर्ता का परिवार हो और उसके किसी व्यक्ति को नामजद कराना चाहता हो

मैं शपथ द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी (सामान्य) नियम, 1982 के परिशिष्ट "ग" में दी गई भविष्य निधि नियम, के नियम 3 में परिभाषित मेरे परिवार का सदस्य

है को निधि की मेरी रकम देय होने से पहले या देय होने पर अदायगी से पहले मेरी मृत्यु होने की स्थिति में प्राप्त करने के लिये नामजद करता हूं:—

नामजद व्यक्ति का नाम व पता	जमाकर्ता के साथ सम्बन्ध	आयु	वे संभावनाएं जिनके होने पर यह नामजदगी अमान्य हो जायेगी	उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों यदि कोई हो के नाम, पते व सम्बन्ध, जिस/जिन्हें जमाकर्ता के पहले उनकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में नामजदगी का अधिकार मिल जायेगा
1	2	3	4	5

दिनांक. . . . . 19 .

जमाकर्ता के हस्ताक्षर।

हस्ताक्षर के दो साक्षी :

1. नाम——————————

पता ——————————

——————————

2· नाम ——————————

पता ——————————

——————————

(ख) जब जमाकर्ता का परिवार हो और उसके एक से अधिक सदस्यों को नामजद करना चाहता है

मैं निम्नलिखित व्यक्तियों को हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 के परिशिष्ट "ग" में दी गई भविष्य निधि के नियम 3 में दी गई परिभाषा के अनुसार मेरे परिवार के सदस्य हैं को निधि की मेरी रकम देय होने से पहले या देय होने पर अदायगी से पहले मेरी मृत्यु होने से पहले की स्थिति में प्राप्त करने के लिये नामज़द करता हूं और निर्दिष्ट करता हूं कि मेरी यह उक्त रकम कथित व्यक्तियों में उनके नाम के आगे दिखाए गये ढंग से बांटी जाए:—

नामज़द व्यक्ति का नाम व पता	जमाकर्ता के साथ सम्बन्ध	आयु	प्रत्येक व्यक्ति का संचित राशि में दी जाने वाली राशि	वे संभावनाएं जिन के होने पर नामज़दगी अमान्य हो जायेगी	उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों की, नाम, पते, और सम्बन्ध जिन/जिन्हें जमाकर्ता के पहले उसकी मृत्यु होने की स्थिति में नामज़दगी का अधिकार मिल जायेगा
1	2	3	4	5	6

दिनांक——————————

स्थान——————————

जमाकर्ता के हस्ताक्षर।

हस्ताक्षर के दो साक्षी :

1. —————————— 2. ——————————

नाम —————————— नाम ——————————

पता —————————— पता ——————————

टिप्पणी.—यह स्तम्भ भरा जाना चाहिये ताकि उसके अन्दर निधि में जमाकर्ता के नाम किसी समय खड़ी सारी रकम आ जाए।

(ग) जब जमाकर्ता का कोई परिवार न हो और किसी एक व्यक्ति को नामज़द करना चाहता हो

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 के परिशिष्ट "ग" में दिए गये भविष्य निधि के नियम 1(3) में की गयी परिभाषा के अनुसार चूंकि मेरा कोई परिवार नहीं है, इसलिए मैं निम्नलिखित व्यक्तियों को निधि की अपनी रकम देय होने से पहले या देय होने पर अदायगी से पहले मेरी मृत्यु होने की स्थिति में प्राप्त करने के लिए नामज़द करता हूं :—

नामज़द व्यक्ति का नाम व पता	अंशदाता के साथ सम्बन्ध	आयु	वे सम्भावनाएं जिन के होने पर यह नामज़दगी अमान्य हो जायेगी	उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम, पते व सम्बन्ध जिसकी अंशदाता से पहले उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में नामज़दगी का अधिकार मिल जायेगा
1	2	3	4	5

दिनांक ——————————

स्थान——————————

अंशदाता के हस्ताक्षर।

हस्ताक्षर के दो साक्षी :

1. ---------- 2. ----------
नाम ---------- नाम----------
पता---------- पता----------

नोट.---जब अंशदाता का परिवार न हो और वह नामजदगी करता है तो वह इस स्तम्भ में निर्दिष्ट करेगा कि यह नामजदगी बाद में उसके परिवार हो जाने की स्थिति में अमान्य हो जायेगी।

(घ) जब जमाकर्ता का परिवार न हो और वह एक से ज्यादा व्यक्तियों को नामजद करना चाहता हो :

हिमाचल प्रदेश होम्योपैथिक व्यवसायी नियम, 1982 के परिशिष्ट "ग" में दिये गये भविष्य निधि नियमों के नियम 1(3) में परिभाषित के अनुसार चूंकि मेरा कोई परिवार नहीं है इसलिए मैं निम्नलिखित व्यक्तियों को निधि की अपनी रकम देय होने से पहले या देय होने पर अदायगी से पहले मेरी मृत्यु हो जाने की स्थिति में प्राप्त करने के लिए नामजद करता हूं और निर्दिष्ट करता हूं कि मेरी उक्त राशि कथित व्यक्तियों में उनके नाम के आगे दिखाए गये ढंग से बांटी जाए :---

नामजद व्यक्ति का नाम व पता	अंशदाता के साथ सम्बन्ध	आयु	प्रत्येक व्यक्ति को संचित रकम में से दी जाने वाली रकम	वे सम्भावनाएं जिन के होने पर नामजदगी अमान्य हो जायेगी	उस/उन व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम, पते व सम्बन्ध जिस/जिन्हें जमाकर्ता से पहले उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में नामजदगी का अधिकार मिल जायेगा
1	2	3	4	5	6

दिनांक---------- अंशदाता के हस्ताक्षर।

स्थान----------
हस्ताक्षर के दो साक्षी :---

1. ---------- 2. ----------
नाम ---------- नाम ----------
पता ---------- पता----------

नोट.---यह स्तम्भ भरा जाना चाहिये ताकि निधि में जमाकर्ता (अंशदाता) के नाम किसी समय खड़ी सारी रकम इसके अन्दर आ जाए।

नोट.---जहां अंशदाता का कोई परिवार न हो और वह नामजदगी करता है तो वह इस स्तम्भ में निर्दिष्ट करेगा कि यह नामजदगी उसके परिवार होने पर अमान्य हो जायेगी।

आदेश द्वारा,
अमर नाथ विद्यार्थी,
सचिव।

[In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to order the publication of the following English translation of notification No. 11-2/73 H&FW-II, dated 2nd February, 1982.]

HEALTH AND FAMILY WELFARE DEPARTMENT

NOTIFICATION

Simla-171002, *the 2nd February*, 1982

No. 11-2/73 H&FW-II.—The following draft rules which the Governor of Himachal Pradesh proposes to make in exercise of the powers conferred by section 53 of the Himachal Pradesh Homoeopathic Practitioners Act, 1979 (Act No. 3 of 1980) are published for the information of persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration after the expiry of thirty days from the date of publication of this notification in Rajpatra, Himachal Pradesh.

Any person who has any objection or suggestion to make, he may send the same to the Secretary, Health and Family Welfare, Himachal Pradesh, Simla-171002 within the above-mentioned period and the objection/suggestions so received shall be duly taken into consideration by the competent authority before adopting the rules finally.

1. *Short title and commencement.*—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Homoeopathic Practitioners (General) Rules, 1982.

(2) They shall come into force at once.

2. *Definition.*—(1) In these rules, unless there is anything repugnant in the context—

(*a*) "Act" means the Himachal Pradesh Homoeopathic Practitioners Act, 1979 (3 of 1980);

(*b*) "appendix" means an appendix to these rules;

(*c*) "chairman" means the Chairman of Council;

(*d*) "committee" means a committee appointed by the Council;

(*e*) "form" means a form appended to these rules;

(*f*) "section" means a section of the Act;

(*g*) "university" means any university incorporated by an Act of Parliament or State Legislature.

(2) The terms and expressions used in these rules but not defined shall have the meanings respectively assigned to them in the Act.

3. *Registration of Practitioners.*—(1) Every person entitled to have his name entered in the Register under section 16 shall, if he is so desirous of having his name entered, make an application to the Registrar in Form "A". Every such application shall be accompanied by the fee prescribed in rule 32. He shall also furnish along with his application such documents as may be necessary to establish his claim for having his name entered in Part A or B of the Registrar, as the case may be.

(2) The Registrar may, after examining the application, require the applicant to furnish such other information or documents and within such time as he may specify.

(3) If the Registrar, on receipt of the application under sub-rule (1) or on receipt of further information or documents required from the applicant under sub-rule (2) and after making

such further enquiry, as he may deem proper, is satisfied that the applicant is entitled to get his name entered in Part A or B of the Register, as the case may be, he shall do so. If he is not so satisfied, he shall reject the application:

Provided that no order of rejection of any application shall be passed without giving the applicant an opportunity of being heard.

(4) A practitioner whose name is entered in the register under sub-section (1) or sub-section (2) of section 16 shall be issued a certificate in Form 'B' on payment of fee of five rupees and the applicant whose application is rejected shall be sent an intimation of rejection by registered post.

3-A. Every registered practitioner registered under section 16 shall renew his registration after every year.

4. *Validity of Registration.*—The name of every person registered under the Act shall, subject to the provisions contained in the Act as to the removal of names from the register, remain entered therein.

